# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 05 मई 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा आंध्र प्रदेश के धर्मावरम में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**जगन सरकार तेलुगु भाषा को समाप्त करना चाहती है, जब तक भाजपा है तेलुगु भाषा को कोई समाप्त नहीं कर सकता**

************************

**आंध्र प्रदेश से अपराध, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, लैंड माफिया को समाप्त करने के लिए भाजपा, टीडीपी और जन सेना का गठबंधन हुआ है**

************************

**आन्ध्र प्रदेश में TDP और केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद 2 साल में ही पूरा हो जायेगा पोलावरम प्रोजेक्ट...ये मोदी की गारंटी है**

************************

**जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के विकास की गाड़ी को पटरी से उतार दिया है**

************************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को आंध्र प्रदेश के धर्मावरम में जनसभा को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में विगत एक दशक में हुए जन-कल्याणकारी और विकास कार्यों का उल्लेख किया। श्री शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी के भ्रष्टाचार को उजागर कर सरकार की जमकर आलोचना की। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं आन्ध्र प्रदेश के प्रभारी श्री नारा चंद्रबाबू नाय़डू, हिन्दूपुर प्रत्याशी बी. के. पार्थसारथी सहित पार्टी के अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी, जनसेना और तेलुगू देशम पार्टी संयुक्त रूप से भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया और धर्मांतरण के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं।** देश में लोकसभा और आंध्र प्रदेश में लोकसभा एवम विधानसभा दोनों का चुनाव चल रहा है। **लोकसभा के दो चरणों का चुनाव का सम्पन्न हो चुका है जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी सेन्चुरी लगाकर आगे निकल चुके हैं और तीसरे चरण में 400 पार की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश में बीजेपी, जनसेना और टीडीपी के गठबंधन का उद्देश्य अपराध और गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं को समाप्त करना है।** अमरावती को फिर से आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने, भगवान तिरुपति बालाजी की पवित्रता को पुनर्स्थापित करने और तेलुगु भाषा के संरक्षण के लिए आंध्र प्रदेश में  बीजेपी, जनसेना और टीडीपी गठबंधन की सरकार बनाई गई है। जगन मोहन रेड्डी की सरकार तेलुगु भाषा को समाप्त करके प्राथमिक शिक्षा में अंग्रेजी भाषा को सम्मलित करना चाहती है। **केंद्र सरकार के द्वारा शुरू की गई पोलवारम परियोजना आंध्र प्रदेश की जीवन रेखा है, लेकिन जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने भ्रष्टाचार के चलते इस योजना को लगभग समाप्त कर दिया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आंध्र प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बना दीजिए, पूरे राज्य में किसानों के खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा। श्री शाह ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं है। **शरद पवार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे या राहुल बाबा प्रधानमंत्री बन सकते हैं क्या? पूरे देश ने तय किया है कि आदरणीय मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का मतलब इस देश को सुरक्षित करना है।** आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करना, भारत को दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना, 4 करोड़ गरीबों को घर देना, 10 करोड़ लोगों को घर में सूर्यघर योजना से मुफत बिजली देना और 11 करोड़ किसानों के खाते में  5 साल में 3 लाख करोड़ रुपए भेजना। कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा, लेकिन आपके द्वारा आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाते ही उन्होंने 5 साल के अंदर राम मंदिर का निर्माण करवाकर प्रभु श्रीराम को टेंट से निकालकर भव्य राम मंदिर में विराजमान करके जय श्रीराम कर दिया, लेकिन राहुल गांधी और जगन गारू ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को ठुकरा दिया और नहीं गए।

श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी दी है। मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ गरीबों को शौचालय, 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए, 14 करोड़ लोगों के घरों तक नल से जल, 50 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का पूरा स्वास्थ्य का खर्चा और 130 करोड़ लोगों को मुफ्त में कोरोना का वैक्सीन देने का काम श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिया है। **श्री चंद्रबाबू जी संयुक्त आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तब वो आन्ध्र प्रदेश को उँचाई पर ले गए थे लेकिन आन्ध्र के विभाजन के बाद भी यहां फाउंडेशन डाला लेकिन जगन बाबू ने विकास की गाड़ी को पटरी से उतार दिया है। आज आंध्र प्रदेश में विकास शून्य है, निवेश रूका हुआ है और बेरोजगारी चरम पर है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आंध्र प्रदेश सरकार की निंदा करते हुए कहा कि **आंध्र प्रदेश पर 13 लाख 50 हजार करोड़ का कर्ज डालने का काम जगन मोहन की सरकार ने किया है।** राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट रुके हुए हैं और भू- माफियाओं के कार्य निरंतर रूप से चल रहे हैं। **जगन मोहन की सरकार वादा-खिलाफी की सरकार है, शराब पर पाबंदी लगाने का वादा करके शराब की और अधिक बिक्री शुरू कर दी।** राज्य सरकार द्वारा आरोग्य श्री योजना आरंभ करके अस्पताल में रुपयों का भुगतान नहीं किया गया, परिणामस्वरूप आरोग्य श्री योजना के अंतर्गत आने वाले रोगियों को अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया जाता है। राज्य में मोदी सरकार आने के बाद पोलावरम योजना के साथ ही अन्य सभी सिंचाई परियोजनाएं भी शुरू कर दी जाएंगी। श्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश की जनता से तेलगु देशम, जनसेना और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर लोकसभा की 25 सीटें एनडीए के खाते में डालकर श्री चंद्रबाबू नायडू को मुख्यमंत्री और माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री चुनने की अपील की।

***********************